एक MICE गंतव्य के रूप में भारत

स्रोत: पी.आई.बी.

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय (Ministry of Commerce & Industry- MoCI) भारत को वैश्विक **माइस (MICE)** {बैठकें(**Meetings**), प्रोत्साहन (**Incentives**), सम्मेलन (**Conferences**) और प्रदर्शनियाँ (**Exhibitions**)} गंतव्य के रूप में बढ़ावा दे रहा है।

- इसका उद्देश्य भारत के **सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (MSMEs)** क्षेत्रों के पारंपरिक **हस्तशिल्प**, **कारीगरों** की पेशकश, **बुनकरों** एवं विनिर्माण कौशल को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शित करना है।
- मंत्रालय ने आने वाले महीनों में आत्मनिर्भर भारत उत्सव, इंडस फूड, **भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2024** और भारत टेक्स (Bharat Tex) जैसे कार्यक्रमों के लिये **भारत के महत्त्वाकांक्षी मेगा इवेंट लाइन-अप** का भी अनावरण किया।

MICE (Meetings, Incentives, Conferences and Exhibitions) क्या है?

- **परिचय:**
  - MICE एक शब्द है जिसका उपयोग **पर्यटन और इवेंट उद्योग में व्यवसाय एवं कॉर्पोरेट पर्यटन से संबंधित एक खंड** को वर्गीकृत तथा उसका प्रतिनिधित्व करने के लिये किया जाता है।
    - MICE पर्यटन में कंपनियों एवं समूहों के लिये कार्यक्रमों, बैठकों, सम्मेलनों, प्रदर्शनियों और प्रोत्साहनों का आयोजन तथा मेज़बानी (meetings, conferences, exhibitions, and incentives) करना शामिल है।
    - इन गतिविधियों का उद्देश्य नेटवर्किंग, ज्ञान विनिमय, व्यावसायिक सहयोग तथा पेशेवर अथवा व्यावसायिक संदर्भ में उत्पादों एवं सेवाओं के प्रदर्शन को सुविधाजनक बनाना है।
  - इसका **मुख्य उद्देश्य व्यवसाय**, उद्योग, सरकार तथा शैक्षणिक समुदाय **के लिये एक नेटवर्किंग मंच** साझा करना एवं सार्थक वार्ता में शामिल होना है।
- **भारत में दायरा:**
  - भारत की कोर MICE आधारभूत अवसंरचना सुविधाएँ अधिकांश विकसित देशों के सामान हैं।
  - भारत ने विश्व बैंक की कारोबारी सुगमता तथा WEF के वर्ल्ड ट्रैवल एंड टूरिज़्म कॉम्पिटिटिवनेस रैंक **(वर्ष 2021 में 54वाँ स्थान)** में अपने स्थान में निरंतर सुधार किया है।
  - **भारत की निरंतर बढ़ती आर्थिक क्षमता।**
  - भारत ने सूचना प्रौद्योगिकी और वैज्ञानिक अनुसंधान जैसे क्षेत्रों में तेज़ी से प्रगति की है।
- **वैश्विक परिदृश्य तथा भारत:**
  - **इंटरनेशनल कॉन्ग्रेस एंड कन्वेंशन एसोसिएशन (ICCA)** अपने द्वारा ट्रैक की गई अंतर्राष्ट्रीय एसोसिएशन की बैठकों के आधार पर देशों और शहरों की रैंकिंग जारी करता है।
    - ICCA की देश और शहर रैंकिंग, 2019 के अनुसार कुल 13,254 बैठकों में से 934 बैठकों के साथ संयुक्त राज्य अमेरिका नंबर 1 देश रहा, उसके बाद जर्मनी, फ्राँस रहे।
  - **भारत:**
    - भारत के भौगोलिक और सांस्कृतिक रूप से लाभकारी होने एवं तेज़ी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक होने के बावजूद अनुमानित वैश्विक MICE कारोबार में भारतीय MICE की हिस्सेदारी 1% से भी कम है।
    - देशों की **ICCA रैंकिंग, 2019 में 158 बैठकों के साथ भारत 28वें स्थान पर** रहा।
- **प्रमुख रणनीति:**
  - MICE उद्योग को बढ़ावा देने के लिये **"मीट इन इंडिया (Meet in India)"** ब्रांड।
  - MICE उद्योग के वित्तपोषण के लिये इसे बुनियादी ढाँचे का दर्जा प्रदान करना।
  - MICE उद्योग के लिये कौशल विकास।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/india-as-a-mice-destination